प्रकाशनार्थ

20 मई 2020 गोरखपुर। कोरोना संक्रमण की इस वैश्विक महामारी से जब यह विश्व एवं पूरी मानवता अपने को असुरक्षित महसूस करते हुए विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझ रही है ऐसे में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय का ब्लड बैंक भी अपनी जिम्मेदारियों को पूर्णतया निभाते हुए अपनी सेवा का निर्वहन तन्मयता के साथ कर रहे हैं ।

उक्त बातें ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने रक्तदान के द्वारा जनहित में लाभ के सन्दर्भ में कही। उन्होंने बताया की गोरखनाथ ब्लड बैंक जो कि प्रदेश का एक अग्रणी एवं मॉडल ब्लड बैंक है कोरोना की इस लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। रक्तदान के क्षेत्र में स्वरक्तदाताओं के पास स्वयं पहुचकर समाज सेवा हेतु एक अनूठा उदहारण प्रस्तुत कर रहा है। मानवता के लिए निरंतर सेवा भाव से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है। आधुनिक उपकरणों से युक्त यह रक्तवाहन जो कि एक चलता फिरता ब्लड बैंक के रूप में निरन्तर अपनी सेवाएं पूरे पूर्वांचल में अनवरत प्रदान कर रहा है। ब्लड बैंक उस सूक्ति को भी गलत सिद्ध कर नई परंपरा का प्रचलन बना रहा है। अब प्यासा कुंए के पास नही जा रहा है अपितु कुंआ ही प्यासे के पास जा रहा है। गोरखनाथ ब्लड बैंक आपसे अनुनय करता है की कोरोना की महामारी को अवसर में परिवर्तित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करके रक्त्त की कमी से जूझ रहे रोगियों विशेष रूप से थैलेसीमिया हीमोफीलिया एवं अप्लास्टिक एनीमिया के प्राणों की रक्षा करें। रक्तदान जीवन दान के इस कथन को आत्मसात कर रक्तयोद्धा की श्रेणी में अपनी उपस्थिति अंकित कर महापुण्य के भागी बनें।

रक्तदान करता महाविद्यालय का विद्यार्थी

रक्तदान करता महाविद्यालय का विद्यार्थी